न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील, सूरजगढ़, जिला झुंझुनूं

पीठासीन अधिकारी	:::	सतीश कुमार (नायब तहसीलदार)
मिसल नं.	:::	38 / 2020
सरकार	बनाम	संजय,प्रमोद,विनोद,विक्रम,राजू पुत्रान हरफूलसिंह, जाति–जाट, निवासी–स्वामी सेही

राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के अन्तर्गत

निर्णय दिनांक : 13.08.2020

निर्णय

पत्रावली पेश हुई। गैर सायलान प्रमोद व राजकुमार उपस्थित। इस प्रकरण में संक्षेप में मामला इस प्रकार से है कि गैर सायलान संजय,प्रमोद,विनोद,विक्रम,राजू पुत्रान हरफूलसिंह, जाति–जाट, निवासी–स्वामी सेही द्वारा रोही मौजा स्वामी सेही की भूमि ख. नं. 347 के कुल रकबा 39.07 है0 किस्म गै.मु. जोहड़ में से रकबा 0.10 है0 भूमि पर पक्के मकान बनाकर अतिक्रमण करने की रिपोर्ट हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत की गई। हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण को राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के तहत दर्ज रजिस्टर किया गया। गैर सायलान को नोटिस जारी किया गया। गैर सायलान प्रमोद व राजकुमार की ओर से जवाब नोटिस पेश किया जिसमें अपना कब्जा पुराना बताया है। अपने कब्जे के विधिक होने के समर्थन में अन्य कोई साक्ष्य/ सबूत पेश नही किया। अतः रिपोर्ट पटवारी हल्का को सही मानते हुए गैर सायल को उपरोक्त विवादित भूमि का अतिचारी घोषित किया जाकर उसके विरूद्ध बेदखल करने के आदेश दिये जाते है। आर्थिक दण्ड स्वरूप सरह लगान का 50 गुणा तावान 38 रू. कायम किया जाता है।

तहसील राजस्व लेखाकार के अभिलेख में तावान राशि की कायमी करवाई जावें। पटवारी / गिरदावर हल्का को तावान वसूली एवं मौका बेदखली हेतु लिखा जावें । मिसल फैसल शुमार होकर बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 13.08.2020 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

रा० ले० स० 4 के पृष्ठ सं.......8.......पर
वर्ष 2020-21 में रुपये...38/- कायम कि.
राजस्व लेखाकार

(सतीश कुमार)
नायब तहसीलदार, सूरजगढ़